सूचना

विश्वविद्यालय के तीनों (श्रीनगर, पौड़ी, टिहरी) परिसरों में स्नातक प्रथम वर्ष (शैक्षिक सत्र् 2020–21) में प्रवेश लेने के इच्छुक जिन छात्र/छात्राओं ने अपना रजिस्ट्रेशन online.hnbgu.ac.in वेबसाईट पर कराया है, उनको सूचित किया जाता है कि उक्त वेबसाईट पर ही विभिन्न कक्षाओं की मैरिट लिस्ट और शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि प्रसारित की जानी प्रारम्भ हो गयी है।

अतः प्रवेश के इच्छुक छात्र/छात्रायें, जिन्होंने स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया है, वह नियमित तौर पर उक्त वेबसाईट को देखते रहें। मैरिट लिस्ट में आने वाले छात्र/छात्रा अपनी यूजर आई0डी0 द्वारा अपना प्रवेश शुल्क निर्धारित समयान्तर्गत जमा कर सकते हैं। सभी छात्र/छात्राओं को यह भी अवगत कराना है कि अभी प्रवेश नितान्त अस्थायी (Provisional) रूप से होगा। हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट की अंकतालिकाओं एवं आरक्षण प्रमाण पत्र (SC/ST/OBC/EWS), यदि लागू हों तो, की छायाप्रतियों को प्रमाणित करने के बाद एवं स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (T.C.), चरित्र प्रमाण पत्र (C.C.) एवं माईग्रेशन प्रमाण पत्र की मूल प्रतियाँ सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/कैम्पस निदेशक कार्यालय में जमा करने के पश्चात ही प्रवेश स्थायी किया जा सकेगा, जो कि विश्वविद्यालय परिसर खुलने पर जमा किया जा सकेगा। कृपया सभी छात्र/छात्रायें जो मैरिट में आने के बाद निर्धारित समयान्तर्गत जमा करेंगे वे आवेदन पत्र को डाउनलोड कर हार्ड कापी अपने पास रख लें, ताकि उनके साथ स्थानान्तरण प्रमाण पत्र (T.C), चरित्र प्रमाण पत्र (C.C.) एवं माईग्रेशन प्रमाण पत्र की मूल प्रतियाँ व अन्य प्रमाण पत्रो की छायाप्रति जमा की जा सके। यदि किसी छात्र/छात्रा द्वारा अंकित जानकारी असत्य पायी जाती है तो ऐसी स्थिति में उसका प्रवेश स्वतः निरस्त माना जायेगा।

विश्वविद्यालय परिसरों में स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में विभिन्न विषयों में प्रवेश के लिए जिन छात्र/छात्राओं ने रजिस्ट्रेशन करवाया है/करवा रहे हैं, वे प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी के लिए नियमित तौर पर वेबसाईट (online.hnbgu.ac.in) को देखते रहें।

15.10.2020

प्रो॰ (एन॰एस॰ पंवार)
कुलसचिव

हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

पत्रांक सं॰ : कु०स०का० /2020/ 192 दिनांकः 15 / 10 / 2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
2. परिसर निदेशक (टिहरी/ पौड़ी/ चौरास)/परीक्षा नियंत्रक/ अधिष्ठाता छात्र कल्याण/ नियंता।
3. संयुक्त कुलसचिव/समस्त उप कुलसचिव।
4. सिस्टम मैनेजर को उक्त सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
5. जन सम्पर्क अधिकारी।
6. निजि सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति महोदया के सादर सूचनार्थ।
7. कार्यालय प्रति।

15.10.2020

प्रो॰ (एन॰एस॰ पंवार)
कुलसचिव